खसरा

//

खसरा

(Measles)

परिचय

- यह पैरामाइक्सोवायरस (paramyxovirus) परिवार के एक **विषाणु के कारण** होता है
- मानव रोग; **जानवरों के इस रोग से ग्रसित होने का कोई भी मामला ज्ञात नहीं है**
- विषाणु/वायरस **श्वसन मार्ग को संक्रमित करता है**, फिर पूरे शरीर में फैल जाता है
- **खसरा प्रतिरक्षण दिवस 16 मार्च** को मनाया जाता है

संचरण

- **संक्रामक** रोग
- **सीधे संपर्क और हवा के माध्यम से** फैलता है

सुभेद्य समूह

- ऐसे **कोई भी व्यक्ति जिसका टीकाकरण नहीं हुआ** है
- **5 साल से कम उम्र के बच्चों में** इसके होने की संभावना अधिक

लक्षण

तेज बुखार/ज्वर, चकत्ते, अंधापन, इंसेफेलाइटिस, गंभीर दस्त/डायरिया, मौत का कारण भी बन सकता है

उपचार

- **कोई विशिष्ट एंटीवायरल उपचार नहीं**
- सहायक देखभाल के माध्यम से खसरे से जटिलताओं को कम किया जा सकता है

टीकाकरण

खसरे के टीके को प्रायः रूबेला और/या कंठमाला (Mumps) के टीकों-**खसरा-कण्ठमाला-रूबेला** (MMR), या **खसरा-कण्ठमाला-रूबेला-वैरिकाला** (MMRV) संयोजन के रूप में प्रदान किया जाता है।

पहल

- **वैश्विक: द मीजल्स एंड रूबेला इनिशिएटिव** (M-R Initiative)
    - **मीजल्स एंड रूबेला स्ट्रेटेजिक फ्रेमवर्क 2021-2030** "खसरा और रूबेला से मुक्त विश्व" की परिकल्पना करता है
- **भारतीय:** खसरे से प्रतिरक्षण हेतु **मिशन इंद्रधनुष** के तहत टीकाकरण किया जाता है

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/measles-10